## कार्यालयः जिला एवं सैशन न्यायाधीश, दौसा जिला दौसा

क्रमांकः स्था0/2023/ 247 दिनांकः– 07-12-2023

### कार्यालय आदेश

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर की अधिसूचना क्रमांक 08/ई.वी./2022 दिनांक 12.12.2022 द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों में सोमवार दिनांक 25.12.2023 से रविवार 31.12.2023 तक शीतकालीन अवकाश (Winter Holidays) घोषित किया गया है, जिसके क्रम में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर से प्राप्त आदेश क्रमांक 13/विविध/2023 दिनांक 02.12.2023 के अनुसार समस्त जिला एवं सैशन न्यायाधीशों एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीशों के न्यायालय उक्त अवधि में बंद रहेंगे।

दिनांक 25.12.2023 से 31.12.2023 तक शीतकालीन अवकाश की अवधि में जिला एवं सैशन न्यायाधीश, अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीशों एवं विशिष्ट न्यायाधीशों की अनुपस्थिति में पूरे सेशन खण्ड के ऐसे आवश्यक आवेदन पत्र जो सेशन न्यायालय/विशिष्ट न्यायालय के समक्ष पेश किये जावेंगे या लंबित हैं, उन्हें नीचे तालिका के कॉलम संख्या 2 में वर्णित न्यायिक अधिकारीगण को उनके नाम के आगे अंकित अवधि में सुनने एवं निपटाये जाने हेतु अधिकृत किया जाता है।

| क.सं. | शीतकालीन अवकाश अवधि हेतु अधिकृत न्यायिक अधिकारी का नाम | अवधि (दिनांक) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | श्रीमती प्रीति चौधरी,<br>वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांदीकुई | 25.12.2023 से 28.12.2023 |
| 2 | श्री उमेश वीर,<br>वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या–1, लालसोट | 29.12.2023 से 31.12.2023 |

उपरोक्त अधिकृत न्यायिक अधिकारीगण की बैठक का स्थान दौसा मुख्यालय पर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दौसा का न्यायालय रहेगा, अतः न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दौसा के कर्मचारीगण दिनांक 25.12.2023 से 31.12.2023 तक शीतकालीन अवकाश का उपभोग नहीं करेंगे।

अन्य सभी अधीनस्थ न्यायालय शीतकालीन अवकाश अवधि में बंद रहेंगे। उक्त अवधि में जमानत एवं निरोध अवधि की अवधि अभिवृद्धि (रिमाण्ड) संबंधी एवं अन्य आवश्यक सिविल मामलों के निपटाने के लिए संपूर्ण न्यायक्षेत्र/सेशन खण्ड के लिए निम्न तालिका के कॉलम संख्या 2 में अंकित न्यायिक अधिकारीगण को उनके नाम के आगे अंकित अवधि में आवश्यक एवं दैनिक कार्य किये जाने हेतु अधिकृत किया जाता है :–

| क.सं. | शीतकालीन अवकाश अवधि हेतु अधिकृत न्यायिक अधिकारी का नाम | अवधि (दिनांक) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | श्रीमती ईशा सांघी,<br>सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, दौसा | 25.12.2023 से 28.12.2023 |
| 2 | श्रीमती छवि सिंघल<br>सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, महवा | 29.12.2023 से 31.12.2023 |

उपरोक्त अधिकृत न्यायिक अधिकारीगण की बैठक का स्थान दौसा मुख्यालय पर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, दौसा का न्यायालय रहेगा, अतः सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, दौसा के कर्मचारीगण दिनांक 25.12.2023 से 31.12.2023 तक शीतकालीन अवकाश का उपभोग नहीं करेंगे।

उक्त शीतकालीन अवकाश की अवधि में आने वाले राजपत्रित व सार्वजनिक अवकाशों में उक्त अधिकृत न्यायालय भी बन्द रहेंगें। शीतकालीन अवकाश की अवधि में कार्य दिवस पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को अगले कलेण्डर वर्ष में नियमानुसार क्षतिपूर्ति आकस्मिक अवकाश देय होंगें।

जिला एवं सैशन न्यायाधीश
दौसा जिला दौसा

Scanned with CamScanner